(च) **''चिकित्सा अधिकारी''** से अभिप्रेत है यथास्थिति, सिविल सर्जन, चिकित्सालय में पदस्थ विशेषज्ञ चिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी, आयुष चिकित्सा अधिकारी या आयुष सहायक चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा महाविद्यालयों के आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी (कैजुअल्टी मेडिकल ऑफीसर) और इसमें चिकित्सा

महाविद्यालय चिकित्सालय के अध्यापक संवर्ग के ऐसे सदस्य भी सम्मिलित हैं, जो ऐसे महाविद्यालयों से संलग्न चिकित्सालयों में रोगियों का उपचार करते हों;

(छ) ''विशेषीकृत **उपचार** (विशेषीकृत **चिकित्सा**)'' से अभिप्रेत है अनुसूची-एक, जिसमें राज्य शासन द्वारा समय-समय पर संशोधन किया जा सकेगा, में उल्लिखित रोगों का उपचार (चिकित्सा) और/या शल्य चिकित्सा (सर्जरी);

(ज) ''**उपचार (चिकित्सा)**'' से अभिप्रेत है चिकित्सालय, जहां कर्मचारी का उपचार किया जा रहा हो, में उपलब्ध तथा प्रयुक्त समस्त चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा, सुविधायें और इसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं:—

(एक) रोग संबंधी (पैथालॉजिकल), जीवाणु संबंधी (बैक्टीरियोलॉजिकल), एक्स-रे संबंधी निदान एवं उपचार, रेडियो इमेजिंग या ऐसे किसी अन्य निदान का उपयोग जो प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी/परिचारक द्वारा आवश्यक समझा जाये;

(दो) ऐसी औषधियों, टीकों (वैक्सीन), सिरम तथा अन्य चिकित्सा पदार्थों की पूर्ति, जो सामान्यत: चिकित्सालय में उपलब्ध हों;

(तीन) ऐसा उपचार (चिकित्सा) जो सामान्यत: चिकित्सालय द्वारा अन्त: रोगियों को उपलब्ध कराई जाती है;

(चार) रुधिराधान (ब्लड ट्रान्सफ्यूजन);

(पाँच) परानील-लोहित प्रकाश (अल्ट्रा-वॉयलेट लाईट);

(छ:) सामान्य उपचर्या (जनरल नर्सिंग);

(सात) डॉयलिसिस एवं हीमोडॉयलिसिस;

(आठ) लिथोट्रिप्सी;

(नौ) महिलाओं के मामलों में—

(क) प्रसूति के दौरान उपचार, प्रसवपूर्व तथा प्रसवोत्तर उपचार;

(ख) डूश देना (डूशिंग);

(दस) पंचकर्म एवं क्षार सूत्र उपचार;

(ग्यारह) ऐसी अन्य सुविधाएँ जो राज्य शासन द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जायें।

3. प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक द्वारा उपचार—कर्मचारी, प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा उपचार/सेवा के लिये हकदार होगा।

4. मानसिक रोगी का उपचार—मानसिक रोग से पीड़ित कर्मचारी, राज्य शासन के किसी भी चिकित्सालय या शासकीय मानसिक चिकित्सालय, यथास्थिति, में भर्ती होने की तारीख से, अधिकतम दो वर्ष की अवधि के लिये नि:शुल्क चिकित्सा उपचार, वास स्थान तथा खुराक के लिए हकदार होगा।

5. उपचार एवं प्रतिपूर्ति—(1) चिकित्सालय का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रोगियों को ऐसे वार्ड में रख सकेगा जैसा वह ठीक समझे।

(2) कर्मचारी चिकित्सालय में निःशुल्क उपचार, निःशुल्क ब्लड ग्रुपिंग एवं ब्लड क्रास-मैचिंग का हकदार होगा, यदि चिकित्सालय में कर्मचारी द्वारा ऐसे उपचार, वास स्थान के लिये अथवा किसी अन्य कारण से राशि का भुगतान किया जाता है, तो उसकी प्रतिपूर्ति उसी सीमा तक की जाएगी जो कि इन नियमों में उपबंधित है।

(3) कर्मचारी प्रथमतः, उपचार, सेवा, कमरे का किराया अथवा कोई अन्य प्रभार (प्रभारों) के लिये देयक (बिल), यदि कोई हो, का भुगतान करेगा और तत्पश्चात् वह इन नियमों के अंतर्गत संबंधित चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर (काऊंटरसाईन) अभिप्राप्त करने के पश्चात् ही प्रतिपूर्ति के लिये दावा कर सकेगा।

6. प्रतिपूर्ति की सीमा—शासकीय कर्मचारी चिकित्सा सेवा, उपचार, उपचर्या (नर्सिंग) तथा वास स्थान के प्रयोजन के संबंध में उसके द्वारा किये गये व्यय (व्ययों) की निम्नलिखित सीमा (सीमाओं) तक प्रतिपूर्ति प्राप्त करने हेतु हकदार होगा:—

(1) बाह्य रोगी की दशा में, प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक द्वारा यथा विहित औषधियों के क्रय के उपरांत संपूर्ण व्यय, किन्तु—

(एक) ऐसे कर्मचारी, जो राज्य शासन द्वारा यथा विहित चिकित्सा भत्ता प्राप्त कर रहे हैं, वे इन नियमों के अंतर्गत उपगत चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के हकदार नहीं होंगे,

(दो) उपरोक्त पैरा (1) के अतिरिक्त, अन्य मामलों के लिए—

स.क्र.	राशि	सक्षम प्राधिकारी	शर्तें
1.	1,500/-	नियंत्रण अधिकारी	3 माह के अंदर की सीमा से एक वित्तीय वर्ष में चार बार
2.	1,501/- से 5,000/- तक	जिलों के लिये—यथास्थिति, सिविल सर्जन/ जिला आयुर्वेद अधिकारी, चिकित्सा महाविद्यालय के लिये—अधीक्षक/ उप संचालक अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	
3.	5,001/- से 25,000/- तक	संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, संबंधित विषय विशेषज्ञ/जिला आयुर्वेद अधिकारी तथा यथासंभव आयुष विषय विशेषज्ञ	

स.क्र.	राशि	सक्षम प्राधिकारी	शर्तें
4.	25,001/- से अधिक	संबंधित पद्धति के संचालनालय में गठित तीन सदस्यी विशेषज्ञों की समिति की अनुशंसा उपरान्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएँ संचालक आयुष, संचालक चिकित्सा शिक्षा।	

(2) अंतः रोगी की दशा में उपचार पर नियम 8 के अंतर्गत उपबंधित सीमा तक उपगत व्यय;

(3) उपरोक्त उल्लिखित नियम 7(1)(दो) के प्रावधान, उन रोगियों, जो ऐसे रोग से पीड़ित हों, जिसके लिये संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/जिला आयुर्वेद अधिकारी ने विहित प्ररूप में यह प्रमाण-पत्र जारी कर दिया हो कि उस रोग का उपचार लंबे समय तक होगा या लंबे समय तक होने की संभावना है, से संबंधित देयकों (बिलों) की प्रतिपूर्ति के मामले में लागू नहीं होंगे।

टीप—ऐसे प्रमाण-पत्र, प्रथम बार में एक वर्ष से अधिक कालावधि के लिये जारी नहीं किए जायेंगे, किन्तु उनका नवीनीकरण, समय-समय पर ऐसी कालावधि के लिये, जो कि आवश्यक हो, किया जा सकेगा, जो एक समय में एक वर्ष की कालावधि से अधिक की नहीं होगी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/जिला आयुर्वेद अधिकारी, उसके द्वारा जारी किए गए प्रमाण-पत्रों की विशिष्टियों के साथ एक-एक रजिस्टर, ऐसे प्ररूप में संधारित करेंगे, जैसा कि शासन द्वारा निर्धारित किया जाए।

(4) ऑक्सीजन देने में उपगत संपूर्ण व्यय;

(5) रुधिराधान के लिए, रक्त खरीद पर उपगत व्यय;

(6) प्रसूति के दौरान, जिसमें प्रसवपूर्व तथा प्रसवोत्तर उपचार और गर्भपात उपचार शामिल है, उपचार करवाने में उपगत संपूर्ण व्यय;

(7) गहन चिकित्सा इकाई (आई.सी.यू.) में होने वाला संपूर्ण व्यय;

(8) चिकित्सालय में कमरे के किराये के संबंध में होने वाला व्यय, जिसमें बिजली या बिजली के पंखे, जहाँ वे चिकित्सालयीन सुविधाओं का सामान्य भाग हों, अर्थात् जहाँ वे वार्ड या कमरे का भाग हों, पर होने वाला व्यय शामिल है, चतुर्थ श्रेणी के शासकीय सेवकों तथा आकस्मिकता स्थापना से वेतन पाने वाले कर्मचारियों के मामले में संपूर्ण और अन्य मामलों में केवल पचास प्रतिशत होगा;

(9) शल्य चिकित्सा तथा रोग संबंधी (पैथालॉजिकल), जीवाणु संबंधी (बैक्टेरियोलॉजिकल), एक्स-रे संबंधी निदान एवं उपचार, रेडियो इमेजिंग तथा अन्य जाँच/परीक्षण, जो प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक द्वारा आवश्यक समझा गया हो और तद्नुसार प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो, पर उपगत संपूर्ण व्यय;

(10) शासकीय सेवकों द्वारा एम्बुलेंस अथवा किसी अन्य वाहन के उपयोग के संबंध में किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी;

(11) आवश्यक उपकरण जैसे कैलिपर, कृत्रिम अंग, विकृत पैर के जूते, विकलांग पट्टियाँ, गर्दन की कॉलर, श्रवण उपकरण आदि का व्यय पहली बार शासन द्वारा वहन किया जायेगा;

(12) पंचकर्म तथा क्षार सूत्र उपचार पर उपगत संपूर्ण व्यय।

7. उपचार की दर—निजी चिकित्सालय में अंत: रोगी के रूप में कराये गये निदान एवं उपचार पर उपगत व्यय की प्रतिपूर्ति, केन्द्रीय शासन स्वास्थ्य सेवाएं, नई दिल्ली द्वारा बी-1 श्रेणी के शहर हेतु समय-समय पर निर्धारित दरों अथवा वास्तविक व्यय, जो भी कम हो, तक की जायेगी। जहाँ सुविधाओं की दरें केन्द्रीय शासन स्वास्थ्य सेवाएँ द्वारा निर्धारित नहीं की गई हों, तो ऐसी दशा में राज्य शासन, दरें निर्धारित कर सकेगा।

8. चिकित्सा अग्रिम—(1) राज्य के भीतर/राज्य के बाहर मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालयों में उपचार हेतु, इन नियमों के नियम 8 एवं नियम 9(3) के प्रावधानों के अंतर्गत, यथास्थिति, जिला सिविल सर्जन/जिला आयुर्वेद अधिकारी की अनुशंसा पर संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा अधिकतम 80 प्रतिशत की सीमा तक चिकित्सा अग्रिम स्वीकृत किया जा सकेगा। इसके लिए, कर्मचारी द्वारा संबंधित चिकित्सालय से प्राप्त व्यय प्राक्कलन प्रस्तुत किया जाना होगा।

(2) चिकित्सा अग्रिम केवल उन्हीं मामलों में स्वीकृत किया जायेगा, जहाँ रोगी का उपचार, राज्य शासन द्वारा इस प्रयोजन के लिये मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों में अंत:-रोगी के रुप में कराया जा रहा है या कराया जाना हो तथा प्रकरण में रिफरल प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया गया हो।

(3) प्रथम और द्वितीय श्रेणी अधिकारियों के मामले में रुपये 30,000/- अथवा इससे अधिक और तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के मामलों में रुपये 15,000/- अथवा इससे अधिक के अनुमानित चिकित्सा व्यय पर, चिकित्सा अग्रिम की पात्रता होगी।

(4) स्वीकृत चिकित्सा अग्रिम, संबंधित चिकित्सालय को सीधे उपलब्ध कराया जायेगा, जिसका समायोजन चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयक में किया जायेगा।

(5) चिकित्सा अग्रिम का पूर्ण (अंतिम) समायोजन, अग्रिम प्राप्तकर्ता कर्मचारी के द्वारा चिकित्सालय से रोगी के डिस्चार्ज होने की तारीख से एक माह की अवधि के भीतर कराया जाना होगा, अन्यथा कर्मचारी के वेतन से देयक (बकाये) की वसूली का दायित्व कार्यालय प्रमुख का होगा।

(6) चिकित्सा अग्रिम की असमायोजित राशि, कर्मचारी के वेतन अथवा कर्मचारी के आय के अन्य स्रोत से वसूल की जायेगी।

(7) अग्रिम राशि का आहरण, वास्तविक आवश्यकता के 15 दिवस पूर्व नहीं किया जा सकेगा।

(8) यह प्रत्यायोजन विदेशों में कराई गई चिकित्सा (उपचार) पर लागू नहीं होगी।

9. जाँच (परीक्षण)/उपचार हेतु रिफरल—(1) कर्मचारियों अथवा उनके परिवार के सदस्यों के रोगों की जाँच/उपचार सामान्यतया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला चिकित्सालय/आयुष औषधालय, जिला आयुष चिकित्सालय में कराना होगा।

(2) उक्त केन्द्रों में वांछित सुविधाएँ उपलब्ध न होने पर, यथास्थिति, सिविल सर्जन/जिला आयुर्वेद अधिकारी, राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय अथवा शासन द्वारा मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालय में रिफर कर सकेंगे।

(3) चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय में संबंधित रोगों की जाँच उपचार/विषय विशेषज्ञों की सुविधा उपलब्ध न होने पर, यथास्थिति, संयुक्त-संचालक-सह-अधीक्षक/उप संचालक, शासकीय/मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सा संस्थाओं में रिफर कर सकेंगे।

(4) स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मान्यता प्राप्त चिकित्सा संस्थाएँ तथा पब्लिक-प्रायवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) नीति के अंतर्गत संचालित संस्थाएं शासकीय सेवकों के उपचार हेतु मान्यता प्राप्त समझी जायेंगी, उक्त संस्थाओं में उपचार हेतु रिफरल की आवश्यकता नहीं होगी।

(5) अन्य राज्यों के शासकीय चिकित्सालय भी मान्यता प्राप्त चिकित्सालय समझे जायेंगे।

(6) केवल मान्यता प्राप्त चिकित्सा संस्थाएँ ही फालो-अप उपचार हेतु मान्य होंगी, इस संदर्भ में आवश्यकतानुसार, सक्षम स्वीकृति अभिप्राप्त करनी होगी।

(7) आकस्मिक परिस्थिति की दशा में, आवेदक/परिवार के सदस्य के द्वारा, उपचार प्रारंभ करने से 48 घण्टें की समय-सीमा के भीतर यथास्थिति, संचालक चिकित्सा शिक्षा, संचालक आयुष तथा संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष को सूचित किया जाना आवश्यक होगा।

10. कार्योत्तर स्वीकृति—(1) आकस्मिक परिस्थितियों में, राज्य के भीतर अथवा राज्य के बाहर स्थित मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालयों में कराये गये उपचार के प्रकरण में, कार्योत्तर स्वीकृति अभिप्राप्त करनी होगी। कार्योत्तर स्वीकृति के अभाव में, ऐसे प्रकरणों में उपचार में उपगत व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जा सकेगी।

(2) कार्योत्तर स्वीकृति संबंधी प्रकरण, कर्मचारी के नियंत्रक अधिकारी द्वारा सम्यक् रूप से परीक्षण करने के उपरांत, यथास्थिति, संचालक चिकित्सा शिक्षा/संचालक आयुष को भेजे जायेंगे, जिनका निराकरण गुण/दोष के आधार पर करते हुए, संचालक चिकित्सा शिक्षा/संचालक आयुष द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति जारी की जायेगी।

(3) राज्य के भीतर/राज्य के बाहर गैर मान्यता प्राप्त निजी संस्थानों में कराये गये उपचार की कार्योत्तर स्वीकृति के प्रकरण, यथास्थिति, संचालक चिकित्सा शिक्षा/संचालक आयुष की अनुशंसा से राज्य शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को निराकरण के लिये भेजे जायेंगे।

(4) संचालक चिकित्सा शिक्षा/संचालक आयुष, कार्योत्तर स्वीकृति के प्रकरणों के परीक्षण हेतु एक विशेषज्ञ समिति गठित कर सकेंगे।

(5) राज्य शासन स्तर पर कार्योत्तर स्वीकृति के प्रकरणों के निराकरण हेतु निम्नलिखित समिति निम्नानुसार गठित की जायेगी :—

1.	प्रमुख सचिव/सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग	— अध्यक्ष
2.	संचालक, चिकित्सा शिक्षा	— सदस्य
3.	संचालक, आयुष	— सदस्य
4.	संचालक, स्वास्थ्य सेवाएँ	— सदस्य
5.	वित्त विभाग का प्रतिनिधि (जो उप सचिव की श्रेणी से निम्न का अधिकारी न हो)	— सदस्य
6.	दो, विषय विशेषज्ञ (राज्य शासन द्वारा नामांकित)	— सदस्य

11. जाँच (परीक्षण)/उपचार हेतु निजी संस्थाओं को मान्यता—(1) राज्य के भीतर अथवा राज्य के बाहर स्थित निजी चिकित्सा संस्थायें, कर्मचारियों के रोगों की जाँच/उपचार के लिये अपनी संस्थाओं को मान्यता प्रदान कराने हेतु, राज्य शासन द्वारा समय-समय पर यथा विहित शुल्क के साथ विहित प्ररूप में, यथास्थिति, संचालक चिकित्सा शिक्षा/संचालक आयुष को आवेदन कर सकेंगे।

(2) मान्यता हेतु प्राप्त आवेदन (आवेदनों) की सम्यक् जाँच (छानबीन) के पश्चात्, यथास्थिति, संचालक चिकित्सा शिक्षा/संचालक आयुष के द्वारा गठित एक समिति द्वारा उनका निरीक्षण किया जायेगा।

(3) राज्य शासन, यथास्थिति, संचालक चिकित्सा शिक्षा/संचालक आयुष के द्वारा दिये गये परामर्श के आधार पर, राज्य के भीतर/राज्य के बाहर स्थित निजी चिकित्सा संस्थाओं को मान्यता प्रदान कर सकेगा।

(4) राष्ट्रीय स्तर की चिकित्सा संस्थायें या ख्याति प्राप्त निजी चिकित्सालयों में उच्च कोटि के उपचार की सुविधा की उपलब्धता पर विचार करते हुए विशिष्ट रोग (रोगों) के उपचार के लिए विभिन्न प्रकार की राष्ट्रीय स्तर की चिकित्सा संस्थायें या ख्याति प्राप्त निजी चिकित्सालयों को मान्यता प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य शासन एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर सकेगा। ऐसी समिति की अनुशंसा उपरान्त राज्य शासन ऐसी संस्थाओं को मान्यता प्रदान कर सकेगा।

12. चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु दावा—(1) चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन, प्ररूप-एक में, व्यय किये जाने की तारीख के छः माह की अवधि के भीतर नियंत्रण अधिकारी को प्रस्तुत किया जायेगा :

परन्तु जहाँ कर्मचारी स्वयं ही नियंत्रण प्राधिकारी हो, वहाँ छः माह की कालावधि की गणना कोषाधिकारी को मांग प्रस्तुत किये जाने की तारीख के संदर्भ में की जायेगी।

(2) इस नियम के उप-नियम (1) के अधीन प्रस्तुत किए गये प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ, प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक द्वारा सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित प्ररूप-दो में आवश्यक

प्रमाण-पत्र तथा उसके द्वारा सम्यक् रूप में प्रतिहस्ताक्षरित किये गये नगद पत्रक (कैश मेमो) रसीदें, जो उपचार और कमरे के किराये के व्यय के भुगतानों से संबंधित हैं, प्रस्तुत किये जायेंगे :

परन्तु जहाँ प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक द्वारा विहित की गई औषधियाँ, मेडिकल स्टोर्स डिपो की दर सूची से बाहर की हों, वहाँ ऐसे मामलों में, जहाँ वह स्वयं प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक न हो, आवश्यक प्रमाण-पत्र पर यथास्थिति, सिविल सर्जन/जिला आयुर्वेद अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किये जायेंगे :

परन्तु यह और कि चिकित्सा महाविद्यालयों में उपचार कराये जाने पर, उसमें चिकित्सालय के नियंत्रक अधिकारी, संयुक्त संचालक-सह अधीक्षक/उप संचालक द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किये जायेंगे।

13. उपचार का अभिलेख—प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक, प्रत्येक कर्मचारी के संबंध में डायरी तथा ज्ञापन (मेमों) में, उसके द्वारा किये गये उपचार या जाँच की तारीख और स्थान के ब्यौरे रखेगा, जो उसके द्वारा प्ररूप-दो में दिये गये प्रमाण-पत्र के आधार पर होगा।

14. दावों का निपटारा—(1) इन नियमों के अधीन, कर्मचारी के चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति की माँग का निराकरण, संबंधित आहरण तथा संवितरण अधिकारी (डी.डी.ओ.) द्वारा किया जायेगा।

(2) नियंत्रण प्राधिकारी, जो संबंधित कर्मचारी के यात्रा भत्ता देयकों पर प्रतिहस्ताक्षर करने के लिए सक्षम है, के द्वारा ऐसे देयकों पर प्रतिहस्ताक्षर किया जायेगा। नियंत्रण प्राधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वह चिकित्सा व्यय से संबंधित माँगों पर हस्ताक्षर या प्रतिहस्ताक्षर करने के पूर्व, उसका इस प्रकार सावधानीपूर्वक परीक्षण कर लें कि माँग वास्तविक है और नियमों के अनुसार है और दावा किये गये व्ययों के समर्थन में आवश्यक नगदी पत्रक (कैश मेमो), रसीदें, प्रमाण-पत्र आदि संलग्न किये गये हैं। नियंत्रण प्राधिकारी ऐसे दावों को अस्वीकृत कर सकेगा, जो नियमों के अनुसार न हो।

(3) उपगत चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के संबंध में देय राशि का आहरण, प्ररूप-सी.जी.टी.सी. 24-ए पर किया जायेगा तथा आवेदक/दावाकर्ता को भुगतान योग्य होगा।

(4) चिकित्सा सेवा तथा उपचार से संबंधित व्यय, संबंधित प्रधान शीर्ष के अंतर्गत उद्देश्य शीर्ष 01 ''वेतन तथा भत्ते आदि'' के अंतर्गत विस्तृत शीर्ष 015 ''चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति में'' विकलनीय होगा, किन्तु कार्यभारित स्थापना के सदस्यों के मामले में, वह व्यय सीधे संबंधित कार्य के हिसाब से विकलनीय होगा।

15. कर्मचारी के परिवार के सदस्यों के उपचार की सीमा—(1) ये नियम कर्मचारी के परिवार के सदस्यों पर उसी रीति/प्रक्रिया से और उसी सीमा तक लागू होंगे, जिस रीति/प्रक्रिया से और विहित सीमा तक वे कर्मचारी पर लागू होते हैं :

परन्तु जहाँ किसी कर्मचारी के तीन या अधिक जीवित बच्चे हों, वहाँ तीसरा बच्चा तथा अतिरिक्त बच्चा इन नियमों के अधीन अनुज्ञेय प्रतिपूर्ति पाने का हकदार नहीं होगा, किन्तु ऐसे तीसरे बच्चे के 26 जनवरी, 2001 के पूर्व पैदा होने पर, वह भी इन नियमों के अंतर्गत अनुज्ञेय

चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु हकदार होगा :

परन्तु यह और कि दूसरी प्रसूति की दशा में जुड़वा बच्चे पैदा होने पर, दोनों बच्चे चिकित्सा प्रतिपूर्ति के हकदार होंगे।

(2) कर्मचारी, प्रसूति के दौरान उपचार, (जिसमें प्रसव-पूर्व तथा प्रसवोत्तर उपचार और गर्भपात उपचार भी शामिल हैं), के लिए उपगत व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु भी हकदार होगा :

परन्तु यदि ऐसे प्रसव की तारीख पर तीन या अधिक बच्चे जीवित हों, तो कोई प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

16. निर्वचन—यदि इन नियमों के निर्वाचन के संबंध में कोई पृच्छा/प्रश्न उद्‌भूत हो, तो उसे राज्य शासन को निर्दिष्ट किया जायेगा, जिस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा।

17. शिथिलीकरण—सामान्यतः इन नियमों का शिथिलीकरण नहीं किया जायेगा, किन्तु आपवादिक प्रकरणों में राज्य शासन को नियमों को शिथिल करने का अधिकार होगा।

18. नियमों में संशोधन करने की शक्ति—राज्य सरकार समय-समय पर नियमों को संशोधित/उपांतरित कर सकेगी, जैसा कि वह आवश्यक समझे।

19. निरसन तथा व्यावृत्ति—इन नियमों के प्रभावशील होने पर, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 1958 निरसित माने जाएँगे :

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किये गये किसी भी कार्य या की गई कार्यवाही पर इस नियमा का कोई प्रभाव नहीं होगा। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 1958 के अधीन जारी स्पष्टीकरण/निर्देश/दिशा-निर्देश, इन नियमों में उसी सीमा तक लागू रहेंगे कि वे इन नियमों से असंगत न हों या वे इन नियमों के प्रतिकूल न हों :

परन्तु यह और कि इन नियमों के प्रभावशील होने से पूर्व संबंधित चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी समस्त मांगें, संबंधित कर्मचारियों पर लागू होने वाले पूर्व के नियमों द्वारा शासित होंगी।

अनुसूची-एक

(नियम 3(ञ) देखिए)

1. सभी प्रकार की कैंसर व्याधियाँ,
2. सभी प्रकार के हृदय रोगों (ओपन हार्ट सर्जरी/बाईपास सर्जरी, एन्जियोप्लास्टी विथ स्टेंट, एन्जियोप्लास्टी विदाऊट स्टेंट, इत्यादि),
3. ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन,
4. जटिल ऑप्थेलमिक सर्जरी,
5. न्यूरो-सर्जरी,
6. ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी,
7. ऐसे उपचार तथा/या सर्जरी, जो राज्य के शासकीय या मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों में उपलब्ध नहीं हैं, तथा जिसके लिये रोगी को राज्य के बाहर स्थित चिकित्सालयों में भेजा (रिफर किया) जाता है।

प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार हेतु राज्यांतर्गत एवं राज्य के बाहर स्थित निजी चिकित्सालयों की मान्यता बाबत् :-

राज्य शासन, एतद्द्वारा, राज्यांतर्गत एवं राज्य के बाहर स्थित निम्नलिखित निजी चिकित्सालयों को दिनांक 01-04-2019 से 31-03-2020 तक की अवधि हेतु मान्यता की स्वीकृति प्रदान करता है :—

राज्यांतर्गत स्थित निजी चिकित्सालय

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
1.	बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल, बैरन बाजार, रायपुर, छत्तीसगढ़।	For Peadiatrics Treatment.
2.	श्री नारायणा हास्पीटल, देवेन्द्र नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Orthopedic, (2) Neuro-Surgery, (3) Nephrology, (4) Plastic & Cosmetic Reconstruction Surgery, (5) Peadiatrics, (6) Obst. & Gynec, (7) Ophthalmology, (8) Cardiology & (9) Urology.
3.	श्री मां शारदा आरोग्यधाम, डी.डी. नगर, रायपुरा, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality-Obst. & Gynec.
4.	रायपुर स्टोन क्लीनिक, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality-Lithotripsy.
5.	फरिश्ता नर्सिंग होम, कटोरा तालाब, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Obst. & Gynecology, (2) Medicine
6.	मित्तल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, होलीक्रास कापा स्कूल के सामने, अवंती बाई चौक, पण्डरी, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Neuro Surgery, (2) Medical Oncology & (3) Orthopedics. (As per Sanjeevani)
7.	रायपुर हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़।	For Multispeciality.
8.	किम्स सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पीटल, अग्रसेन चौक के पास, बिलासपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Orthopedic, (2) Neuro-Surgery, (3) Nephrology with Dialysis, (4) Burn & Plastic Surgery, (5) CTVS, (6) Obst. & Gynec, (7) Spinal Surgery, (8) Cardiology, (9) Onco Surgery & (10) Chemotherapy.

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
9.	श्री बालाजी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पीटल प्रा.लि., सिद्धार्थ चौक, टिकरापारा, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Gen. Orthopedic, (2) Neuro-Surgery, (3) Gen. Surgery, (4) Gen. Medicine, (5) Gastroentrology, (6) Obst. & Gynec, & (7) Gen. Ophthalmology.
10.	धमतरी क्रिश्चियन हॉस्पीटल, रायपुर रोड, धमतरी, छत्तीसगढ़।	For Multispeciality.
11.	चन्दुलाल चन्द्राकर स्मृति हॉस्पीटल, नेहरूनगर चौक, जी.ई.रोड, भिलाई, छत्तीसगढ़।	(1) Total Surgery, (2) Total Hip Joint Replacement, (3) Knee Joint Replacement, (4) Head Injury Requiring Operative Intervention, (5) Comatose Condition, (6) Spinal Surgery, (7) Post Puerperial Complications, (8) Injuries Caused by Industrial Accident, Handling Agriculture Machines, Bomb Blast and Natural Calamities.
12.	श्री मेडिशाईन हॉस्पीटल, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Orthopedic, (2) Neuro-Surgery, (3) Nephrology, & (4) Obst. & Gynec.
13.	श्री बालाजी सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पीटल, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Orthopedic, (2) Neuro-Surgery, (3) Nephrology, (4) Cardiology, (5) Obst. & Gynecology, & (6) CTVS.
14.	ओम नेत्र केन्द्र, पण्डरी, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality :- Opthalmic Treatment.
15.	यशवंत हॉस्पीटल, तात्यापारा चौक, जी.ई. रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality :- Orthopedical Procedures.
16.	नारायणा हृद्यालय एम.एम.आई. लालपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Urology, (2) Neuro Surgery, (3) Cardiology, (4) CTVS, & (5) Nephrology.
17.	विद्या हॉस्पीटल एण्ड किडनी सेंटर, मेनरोड, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Nephrology & (2) Nephro Surgery.

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
18.	श्री अरबिन्दो नेत्रालय, पचपेड़ी नाका, लालपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality :- Opthalmic Treatment.
19.	आशादीप हॉस्पीटल, न्यू राजेन्द्र नगर, विजेता काम्पलेक्स के पास, पानी टंकी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality :- Orthopedic Procedure.
20.	वी.वाय. हॉस्पीटल, कमल विहार, सेक्टर-12, न्यू धमतरी रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Orthopedics, (2) Surgery, (3) Neuro Surgery, (4) Urology, (5) Medicine, (6) Ophthalmology & (7) Radiology.
21.	भवानी डायग्नोस्टिक सेंटर, फाफाडीह चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality - Radiological Investigation.
22.	लाइफवर्थ डायग्नोस्टिक सेंटर, मेन रोड, समता कालोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़।	For Multispeciality Facilities.
23.	अपोलो हॉस्पीटल, सीपत रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Orthopedic, (2) Neuro-Surgery, (3) Nephrology, (4) Urology, (5) Onco Surgery, (6) Plastic Surgery, (7) Obst. & Gynecology, (8) Medical Oncology, (9) CTVS & (10) Cancer Treatment.
24.	मार्क हॉस्पीटल, ब्रिलियंट स्कूल केम्पस, मिशन हॉस्पीटल रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Urology, (2) Surgical Speciality & (3) Nephrology.
25.	मुंदड़ा हॉस्पीटल, मंगला चौक, बिलासपुर, छत्तीसगढ़।	For General Orthopedic Treatment.
26.	श्री बालाजी ट्रामा एण्ड सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पीटल, जिला अस्पताल परिसर, कोसाबाड़ी, कोरबा, छत्तीसगढ़।	For Superspeciality Treatment.
27.	श्री रेटिना केयर सुपरस्पेशियलिटी आई हॉस्पीटल, लक्ष्मी मेडिकल हॉल के ऊपर, मेन रोड, शंकर नगर चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality - Ophthalmic Treatment.

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
28.	आर.एस. पॉलीक्लीनिक एण्ड डायग्नोस्टिक सेंटर, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality :- Maternity & Obst & Gynecology.
29.	ओम हॉस्पीटल, एच.पी. पेट्रोल पंप के पास, महादेव घाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Orthopedics/Treatment of Trauma, (2) Gen. Surgery, (3) Maxillofacial Surgery, (4) Burn & Plastic Surgery, (5) Medicine, (6) Paediatrics, (7) Obst. & Gynecology & (8) Neurology.
30.	श्री कृष्णा हॉस्पीटल, मेन रोड, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Gen. Surgery, (2) Nephrology, (3) Obst. & Gynecology, (4) Gen. Medicine, (5) Orthopedic/Trauma & (6) Dental & Maxillofacial Surgery.
31.	केयर एन क्योर सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पीटल, पुराना प्रताप टॉकिज के पास, प्रताप चौक, बिलासपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Obst. & Gynecologial & (2) Surgical Procedures & Emergencies.
32.	श्रीराम केयर हॉस्पीटल, अमेर रोड, नेहरू नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Neuro Surgery, (2) Cardiology, (3) Orthopedic & Trauma, (4) Obst. & Gynecology, (5) Gen. Medicine, (6) Gen. & Laproscopic Surgery, (7) ENT, (8) Paediatric, (9) Paediatric Surgery, (10) ICU, (11) Radiology & (12) Maxillofacial Surgery & Dental.
33.	न्यू कोरबा हॉस्पीटल, मंगलम विहार, कोसाबाड़ी, कोरबा, छत्तीसगढ़।	(1) Gen. Surgery, (2) Gen. Medicine (3) Obst. & Gynecology, (4) Orthopedic & (5) Paediatric.
34.	व्ही केयर सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पीटल, जीटीबी प्लाजा, एयरटेल ऑफीस के बाजू, रिंगरोड-1, तेलीबांधा, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Neuro Surgery, (2) Oncology, (3) Onco-surgery, (4) Plastic & Cosmetic Surgery, (5) Urology, (6) Trauma & Emergency & (7) Knee & Joint Replacement.

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
35.	रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस, ग्राम-गोढ़ी, भानसोज, मंदिरहसौद, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Gen. Surgery, (2) Gen. Medicine, (3) Obst. & Gynecology, (4) Orthopedic, (5) Paediatric, (6) Radiology, (7) Neuro Surgery, (8) Skin & VD, (9) Ophthalmology & (10) Pathology.
36.	जैन डेंटल हॉस्पीटल, आरडीए काम्पलेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality :- For Dental Treatment.
37.	एकता इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ, शांति नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality :- For Paediatric Treatment.
38.	राजधानी सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पीटल, एस.एस. टावर, पचपेड़ी नाका के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Gen. Surgery, (2) Gen. Medicine, (3) Obst. & Gynecology & (4) Orthopedic.
39.	माता लक्ष्मी नर्सिंग होम एण्ड इंवेस्टीगेशन सेंटर, अनुपम नगर, टी.वी. टावर के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality :- For Obst. & Gynecology Treatment.
40.	अग्रसेन हॉस्पीटल, कृष्णा टॉकिज के सामने, रामनाथ भीमसेन भवन रोड, समता कालोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality :- For Gen. Orthopedic Surgery.
41.	संजीवनी सी.बी.सी.सी. यू.एस.ए. कैंसर हॉस्पीटल, जैन मंदिर के सामने, दावड़ा कालोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality - For Cancer Treatment Only.
42.	जे.एल.एन. हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर, सेक्टर-9, भिलाई।	Central Govt. Institute.
43.	अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायपुर।	Central Govt. Institute.
44.	डॉ. के. गुरूनाथ हॉस्पीटल, प्लाट नं. 9, प्रियदर्शनी परिसर, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई - 490023	केवल ह्रदय रोग संबंधी उपचार हेतु (Only Cardiovascular Treatment)

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
45.	स्पाईन एण्ड स्कीन क्लीनिक, एच-21, टी.व्ही. टावर, मेनरोड, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़।	केवल General Orthopedic उपचार हेतु
46.	aaRBee Institute of Medical Sciences, Swarnajayanti Nagar, Ring Road-2, Bilaspur (C.G.)	केवल 1. General Surgery, 2. General Medicine, 3. Obst. & Gyneacology, 4. General Orthopedic, 5. Paediatrics and 6. E.N.T. उपचार हेतु
47.	अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर, मदीना बिल्डिंग, जेल रोड, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़।	केवल डायग्नोसिस उपचार हेतु
48.	Shri Shankaracharya Institute of Medical Sciences, Junwani, Bhilai (Durg), Chhattisgarh-490020	केवल 1. General Medicine, 2. General Surgery, 3. General Orthopedic, 4. Obst. & Gyneacology, 5. Ophthalmology, 6. Paediatrics and 7. E.N.T. उपचार हेतु
49.	Gupta Hospital, Multispeciality Research & Maternity Centre, Ratna Bandha Road, Dhamtari (C.G.)	केवल 1. General Medicine, 2. General Surgery, 3. General Orthopedic एवं 4. Obst. & Gynecology उपचार हेतु
50.	Ganga Diagnostic & Medical Research, Centre (P) Ltd., Amrapali Society Gate, Oppt. NHMMI Hospital, Lalpur, Raipur (C.G.)	केवल 1. Radiology, 2. Pathological, 3. Biochemistry Investigations जाँच हेतु
51.	Sarwa Trauma Hospital, G.E. Road, Tatyapara, Raipur (C.G.)	केवल 1. General Medicine, 2. General Surgery, 3. Orthopedic and, 4. Pathology उपचार हेतु
52.	डॉ. जाउलकर ईएनटी हॉस्पिटल, कंकाली तालाब के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality-ENT.

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
53.	कालडा कॉस्मेटिक सर्जरी एण्ड बर्न सेंटर, राजकुमार कालेज के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Plastic Surgery, (2) Orthopedic, (3) Neuro Surgery, (4) Poly Tauma, & (5) Acute Burn.
54.	श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल, पहाड़ मंदिर के पास, कौहाकुन्दा, रायगढ़, छत्तीसगढ़।	(1) Orthopedic, (2) Neuro-Surgery, (3) Nephrology, (4) Medicine, (5) Gen. Laproscopy Surgery, (6) Obst. & Gynec, (7) Anaesthesia, (8) Ophthalmology, (9) Pulmonology, (10) Pathology, (11) Paediatric, (12) Skin & VD, (13) ENT & (14) Dental.
55.	रामकृष्ण केयर हॉस्पीटल, पचपेडी नाका, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Orthopedic, (2) Neuro-Surgery, (3) Nephrology, (4) Cardiology, (5) Onco Surgery, (6) Urology Procedures & (7) CTVS.
56.	सुयश हॉस्पीटल, कोटा गुढ़ियारी रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Orthopedic, (2) Neuro-Surgery, & (3) Urology.
57.	विवेकानंद आई हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर, बूढ़ा तालाब गार्डन के पास, ब्रम्हपुरी मार्ग, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality :- OCT Investigation.
58.	ए.एस.जी.आई. हॉस्पीटल, प्रा.लि., शक्तिनगर, मेनरोड, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality :- Opthalmic Treatment.
59.	स्पर्श मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पीटल, श्रीराम मार्केट, सिरसा रोड, रामनगर, भिलाई, छत्तीसगढ़।	(1) Neurology & Neyro Surgery, (2) Cardiology, (3) Orthopedic & Joint Replacement, (4) Nephrology, (5) Urology & Uro Surgery, (6) Burn Plastic Surgery & Trauma Management. (As per Sanjivani Yojna)
60.	श्री शिशुभवन, ईदगाह रोड, मध्यनगरी चौक के पास, (प्रेस क्लब बिल्डिंग के सामने), बिलासपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Paediatric Medicine, (2) Paediatric Burn & Plastic Surgery, (3) Paediatric Neurology, (4) Paediatric Ortho-pedic, (5) Paediatric

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
		Surgery, (6) Paediatric ENT & Bronch-oscopy, (7) Paediatric Dermetology (As per Sanjivani Yojna).
61.	एम.जी.एम.आई. हॉस्पीटल, विधानसभा रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality- Ophthalmic Treatment.
62.	उपाध्याय हॉस्पीटल, हर्षित टावर के पास, अर्जुन विहार, महोबा बाजार, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Gen. Orthopedics, (2) Obst. & Gynecology & (3) Gen. Medicine.
63.	सर्वोदय हॉस्पीटल एण्ड प्रसूति केन्द्र, दुबे कालोनी, पुलिस थाना के पास, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Gen. Surgery & (2) Obst. & Gynecology.
64.	कालडा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर, कलर मॉल के पास, पचपेड़ी नाका, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Burn & Plastic Surgery, (2) Nephrology, (3) Urology, (4) Neuro Surgery, (5) Gen. Surgery, (6) Obst. & Gynecology, (7) Gen. Medicine & (8) Gen. Orthopedic.
65.	अपेक्स सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पीटल एण्ड आईव्हीएफ सेंटर, आर.के. मल्टीप्लेक्स के बाजू, अटलचौक, चांटामुडा बाईपास रोड, रायगढ़, छत्तीसगढ़।	(1) Gen. Surgery, (2) Gen. Medicine, (3) Obst. & Gynecology & (4) Gen. Orthopedic.
66.	अग्रवाल हॉस्पीटल, आर.के.सी. काम्पलेक्स के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Gen. Surgery, (2) Obst. & Gynecology & (3) Gen. Orthopedic.
67.	श्री गणेश विनायक आई हॉस्पीटल, कलर्स मॉल के सामने, न्यू धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, लालपूर, रायपुर, छत्तीसगढ़।	Single Speciality :- Ophthalmology Treatment.
68.	विशारद हॉस्पीटल, सुभाष स्टेडियम के सामने, मोतीबाग चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़।	For Orthopedic Treatment.

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
69.	बी.एम. शाह हॉस्पीटल एण्ड मेडिकल रिसर्च सेंटर, शास्त्रीनगर, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़।	(1) Gen. Surgery, (2) Gen. Medicine, (3) Obst. & Gynecology, (4) Orthopedic, (5) Paediatric, (6) Radiology & (7) Neurosurgery.
70.	महादेव सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पीटल, महिमा काम्पलेक्स, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Gen. Surgery, (2) Gen. Medicine, (3) Obst. & Gynecology & (4) Gen. Orthopedic, (5) Neuro Surgery & (6) Paeditric.
71.	आरोग्य हॉस्पीटल, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़।	(1) Surgery, (2) Obst. & Gynec, (3) Medicine, (4) Urology, (5) Neuro Surgery, (6) Plastic Surgery, (7) Oncology, (8) Anaesthesia, (9) Dental, (10) Radiology, (11) Physiotherapy, (12) Pathology, (13) Cardiology, (14) Nephrology, (15) Ophthalmology, (16) Gastro-enterology & (17) Orthopedic.
72.	फोर्टिस ओ.पी. जिंदल हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर, खरसियां रोड, रायगढ़, छत्तीसगढ़।	(1) Neuro Surgery, (2) Orthopedic Procedures, (3) Cardiology & (4) CTVS.
73.	Vinayak Netralaya, Near Agrasen Chowk, Link Road, Bilaspur (C.G.)	केवल सामान्य नेत्ररोग (General Optha-lmology Treatment) उपचार हेतु
74.	City Hospital & Research Centre, 1, Jalashaya Marg, Choubey Colony, Raipur (C.G.)	केवल General Medicine, Obst. & Gynecology उपचार हेतु
75.	Shri Sankalp Hospital, Near Sarona Railway Station, Before Salasar Green, Sarona Ring Road No. 1, Raipur (C.G.)	केवल 1. General Medicine, 2. General Surgery, 3. General Orthopedic, 4. Neuro Surgery, 5. Neurology, 6. Paediatrics, 7. Cardiothorasis Surgery, 8. Cardiology, 9. Urology, 10. Emergency & Trauma उपचार हेतु

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
76.	Star Children Hospital, Agrasen Chowk, Besides Hotel East Park, Bilaspur (C.G.)	केवल शिशुरोग उपचार की सुविधा हेतु
77.	Soni Multispeciality Hospital & Maternity Home, Bade Urla, Raipur Road, Abhanpur, Raipur (C.G.)	केवल प्रसूति एवं स्त्रीरोग उपचार सुविधा हेतु
78.	Makhija Hospital, Near Agrasen Chowk, Telephone Exchange Road, Bilaspur (C.G.)	केवल 1. Paediatric Surgery, 2. Obstetric & Gynaecology उपचार हेतु
79.	Balco Medical Centre, Sector-36, Naya Raipur, PO-Uparwara, Raipur (C.G.)	All Types of Cancer Treatment सभी प्रकार के कैंसर रोग के उपचार हेतु
80.	Naman Hospital, (Dentofacial Trauma & Oral Cancer Care), Plot No.-24, Next to Fruit n Fruit Shop Turning Point Chowk, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)	केवल 1. Oral and Maxillofacial Surgery (Minor Oral Surgical Procedures under local Anaesthesia only) Not requiring post surgical admission for recovery, 2. Orthodontics and dentofacial Orthopaedics, 3. Prosthodontics and crown and bridge उपचार हेतु
81.	Petals Newborn & Children Hospital, Bhimsen Bhawan Marg, Samta Colony, Raipur (C.G.)	General Peadiatric Treatment सामान्य शिशु रोग उपचार हेतु
82.	Kanwar Nursing Home, T.V. Tower Road, Anupam Nagar, Raipur (C.G.)	केवल 1. General Medicine, 2. Obstetric & Gynaecology उपचार हेतु
83.	Ashirwad Laser Phaco Eye Hospital, IG Office Road, Behind Apex Bank, Nehru Chowk, Bilaspur (C.G.)	केवल Ophthalmic Treatment (नेत्ररोग संबंधी) उपचार हेतु

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
84.	Chandadevi Tiwari Hospital, Opposite City Kotwali, Bhatapara Road, Balodabazar (C.G.)	केवल 1. General Surgery, 2. Obstetric & Gynaecology, 3. General Medicine उपचार हेतु
85.	Sanjivani Hospital & Research Centre, Ware House Road, Bilaspur (C.G.)	केवल 1. General Medicine, 2. Obstetric & Gynaecology, 3. Orthopedics & 4. Plastic Surgery उपचार हेतु
86.	Sunshine Multispeciality Hospital, Vasundhara Nagar, Bhilai-03, Charoda, Durg (C.G.)	केवल 1. General Medicine, 2. Obstetric & Gynaecology, 3. General Surgery and 4. Peadiatric उपचार हेतु
87.	SRS Hospital In front of Shri Ganesh Vinayak Hospital, Near Muskan Residency, Pachpedi Naka, Raipur (C.G.)	केवल General Orthopedics उपचार हेतु

राज्य के बाहर स्थित निजी चिकित्सालय

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
1.	सर गंगाराम हॉस्पीटल मार्ग, राजिन्दर नगर, नई दिल्ली–110060.	केवल National Accreditation Board Hospital & Healthcare Providers (NABH) द्वारा प्रदान की गई सुविधा अनुसार
2.	स्पंदन हार्ट इंस्टीट्युट एण्ड रिसर्च सेंटर, 31, ऑफ चितले मार्ग, हितवाड़ा प्रेस के पीछे, धनतोली, नागपुर–440012.	For Heart Care Treatment.
3.	प्लेटिना हार्ट हॉस्पीटल, धनश्री कमर्शियल काम्पलेक्स, होटल हरदेव के पास, सीताबुल्दी, नागपुर–440012	For Heart Care Treatment.

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
4.	शेल्बी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पीटल, प्लॉट नं.-बी, स्कीम नं.-5, अहिंसा चौक, कचनार रोड, विजय नगर, जबलपुर, मध्यप्रदेश।	(1) Orthopedic & Joint Replacement Surgery, (2) Cardiology, (3) CTVS and Paediatric Cardiac Surgery. As per NABH Facilities only.
5.	मेदांता द मेडिसीटी, सेक्टर-38, गुड़गांव, हरियाणा।	For Superspeciality Treatment. As per NABH Facilities only.
6.	अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।	Central Govt. Institute.
7.	जी.बी. पंत हॉस्पीटल, नई दिल्ली।	Govt. Institute.
8.	बी.एच.यू. हॉस्पीटल, वाराणसी।	Govt. Institute.
9.	के.ई.एम. हॉस्पीटल, मुम्बई।	Govt. Institute.
10.	बाम्बे हॉस्पीटल, मुम्बई।	—
11.	जसलोक हॉस्पीटल, मुम्बई।	केवल National Accreditation Board Hospital & Healthcare Providers (NABH) द्वारा प्रदान की गई सुविधा अनुसार
12.	बी.वाय.एल. नायर हॉस्पीटल, मुम्बई।	Govt. Institute.
13.	टाटा मेमोरियल हॉस्पीटल, मुम्बई।	Govt. Sponsored Institute.
14.	नानावटी हॉस्पीटल, मुम्बई।	—
15.	श्री चित्रा तिरूणाल इंस्टीट्यूट, चेन्नई।	Govt. Institute.
16.	सी.एम.सी. वेल्लोर।	केवल National Accreditation Board Hospital & Healthcare Providers (NABH) द्वारा प्रदान की गई सुविधा अनुसार
17.	निजाम इंस्टीट्यूट, हैदराबाद।	Govt. Institute.
18.	पंडालिया कार्डियो-थोरेसिक फाउंडेशन, चेन्नई।	—

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
19.	शंकर नेत्रालय, चेन्नई।	केवल National Accreditation Board Hospital & Healthcare Providers (NABH) द्वारा प्रदान की गई सुविधा अनुसार
20.	अपोलो हॉस्पीटल, चेन्नई।	केवल National Accreditation Board Hospital & Healthcare Providers (NABH) द्वारा प्रदान की गई सुविधा अनुसार
21.	पी.जी.आई. लखनऊ।	Govt. Institute.
22.	सदर्न रेल्वे हॉस्पीटल, पेरामपुर।	Central Govt. Institute.
23.	एल.एन.जे.पी. हॉस्पीटल, नई दिल्ली।	Govt. Institute.
24.	एस्कार्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली।	केवल National Accreditation Board Hospital & Healthcare Providers (NABH) द्वारा प्रदान की गई सुविधा अनुसार
25.	बत्रा हॉस्पीटल, नई दिल्ली।	
26.	अपोलो हॉस्पीटल, हैदराबाद।	
27.	इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पीटल, दिल्ली।	—
28.	लीलावती हॉस्पीटल, मुम्बई।	केवल National Accreditation Board Hospital & Healthcare Providers (NABH) द्वारा प्रदान की गई सुविधा अनुसार
29.	मेट्रो हॉस्पीटल, नोएडा, दिल्ली।	
30.	मेडविन हॉस्पीटल, हैदराबाद।	—
31.	चोईथराम हॉस्पीटल, इंदौर, मध्यप्रदेश।	केवल National Accreditation Board Hospital & Healthcare Providers (NABH) द्वारा प्रदान की गई सुविधा अनुसार
32.	यशोदा हॉस्पीटल, हैदराबाद।	

क्र.	संस्था का नाम	उपचार सुविधा (Speciality)
33.	फोर्टिस एण्ड लाफ्रेस फोर्टिस हॉस्पीटल (दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित हॉस्पीटल की समस्त शाखायें)	केवल National Accreditation Board Hospital & Healthcare Providers (NABH) द्वारा प्रदान की गई सुविधा अनुसार
34.	मैक्स देवकी हार्ट एण्ड वास्कुकलर इंस्टीट्यूट, सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पीटल (दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित हॉस्पीटल की समस्त शाखायें)	
35.	प्राईमस (सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पीटल), चन्द्रगुप्त मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली।	
36.	मैक्स सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पीटल, 1-प्रेस इन्क्लेव रोड, साकेत, प्रतापगंज, इन्द्रप्रस्थ, नई दिल्ली।	
37.	Meditrina Institute of Medical Science, 278, Central Bazar Road, Ramdaspeth, Nagpur-440010	
38.	Apollo Hospitals, Health City, Arolova, Chinagadhili, Vishakhapatnam (A.P.)	केवल 1. Cardiology, 2. Cardio-thoracic-surgery, 3. Orthopedic & Joint Replacement, 4. Emergency & Critical Service, 5. Trauma Care, 6. General Medicine, 7. Laproscopic Surgery, 8. Urology, 9. Nephrology, 10. Neuro Surgery, 11. Plastic & Cosmetic Surgery, 12. Medical & Surgical Gastroenterology and 13. Organ Transplant उपचार हेतु

2. राज्यांतर्गत प्रकरणों में मान्यता प्राप्त अस्पतालों में शासकीय सेवकों एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों का उपचार कराये जाने हेतु संबंधित जिले के सिविल सर्जन की अनुशंसा अनिवार्य होगी। आकस्मिक परिस्थिति में ईलाज प्रारम्भ करने से 48 घंटे की समय सीमा के अंदर संचालक, चिकित्सा शिक्षा, छत्तीसगढ़, रायपुर एवं संबंधित विभागाध्यक्ष को सूचित किया जाना अनिवार्य होगा तथा आकस्मिक परिस्थिति में उपचार कराये जाने संबंधी प्रकरणों में नियमानुसार कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करनी होगी।

3. राज्य के बाहर स्थित मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालयों में उपचार कराने हेतु मरीजों को प्रथमतः चिकित्सा महाविद्यालय के रेफरल कमेटी का रेफरल प्रमाण पत्र तथा चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय में संबंधित रोगों की जांच/उपचार/विषय विशेषज्ञों की सुविधा उपलब्ध न होने पर, यथास्थिति, संयुक्त-संचालक-सह-अधीक्षक/उप संचालक, शासकीय/मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सा संस्थाओं में रिफर कर सकेंगे। आकस्मिक परिस्थिति में ईलाज प्रारम्भ करने से 48 घन्टे की समय-सीमा के अंदर संचालक, चिकित्सा शिक्षा एवं संबंधित विभागाध्यक्ष को सूचित किया जाना अनिवार्य होगा तथा आकस्मिक परिस्थिति में उपचार कराये जाने संबंधी प्रकरणों में नियमानुसार कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करनी होगी।

4. उपरोक्त मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों में प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं उनके परिवार के सदस्यों की उपचार की दर सी.जी.एच.एस. योजना के अंतर्गत केन्द्र शासन के कर्मचारियों हेतु लागू उपचार की दरों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जावे।

5. उक्त मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों में शासकीय सेवकों एवं उनके परिवार के सदस्यों का उपचार कराए जाने पर ईलाज तत्काल शुरू किया जावेगा एवं उनसे अग्रिम धन राशि के अभाव में ईलाज में लापरवाही नहीं की जावेगी, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

[चिकित्सा शिक्षा विभाग क्र. एफ 16-01/2019/नौ/55-4, दिनांक 30-05-2019]

छत्तीसगढ़ राज्य में सेवारत अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों तथा उनके परिवार के आश्रित सदस्यों को राज्य के बाहर अवस्थित अस्पतालों में चिकित्सा परिचर्या और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने बाबत् :-

यतः अखिल भारतीय सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 1954, अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों, चाहे वे संघ के कार्यों के संबंध में सेवारत हो या राज्य के चिकित्सा परिचर्या और उपचार के अनुदत्त विशेषाधिकारों और नियत पात्रताओं को शासित करते हैं और उनमें एकरूपता का उपबंध करते हैं :

यतः राज्य सरकार के संज्ञान में यह तथ्य है कि उक्त नियमों के नियम 12 (क) के उपबंधों के परिणामस्वरूप संघ के कार्यों के लिए सेवारत अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों के चिकित्सा परिचर्या और उपचार के अनुदत्त विशेषाधिकार और नियत पात्रताएं, प्रभाव में वे हैं जो केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत प्राप्त हैं (सिवाय उन स्थानों में जो योजना के अंतर्गत न हो):

यतः अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों का उनकी सेवा की प्रकृति के कारण, देश में कहीं भी सेवा करनी होती है, और अखिल भारतीय सेवाओं के लिए भर्ती की नीति के कारण उनमें से अधिकांश उस राज्य के बाहर से लिये जाते हैं जिसके संवर्ग पर वे धारित है :

यतः उक्त तथ्यों व उनकी सेवा के अन्य विशिष्टता के परिणामस्वरूप अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों और या उनके परिवार के सदस्यों (जिसमें आश्रित माता-पिता सम्मिलित हैं) को, राज्य के कार्यों के संबंध में सेवा करते हुए भी राज्य के बाहर अवस्थित अस्पतालों में चिकित्सा परिचर्या और उपचार की आवश्यकता पड़ती है, जिसके कारकों में सम्मिलित हैं उपचार और चिकित्सा परिचर्या में निरन्तरता, संवर्ग वापसी पर परिवार के किन्हीं सदस्यों के द्वारा

बाहर बने रहना (जिसके लिए शैक्षिक और चिकित्सकीय आधारों पर सरकारी आवास के केंद्र सरकार के विद्यमान नियमों में उपबंध हैं), अधिवार्षिकी के संदर्भ में उनके गृह राज्य में पुन: बसना ओर बैठकों, सम्मेलनों, अनिवार्य और ऐच्छिक प्रशिक्षण आवश्यकताओं, बच्चों की देखरेख और मातृत्व अवकाश की अवधियां, अध्ययन अवकाश, निर्वाचन ड्यूटी, गृहनगर यात्राओं आदि के लिए राज्य के बाहर रहना :

यत: छत्तीसगढ़ राज्य में न तो केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना और न ही कोई तुलनीय योजना संचालित है और ऐसी स्थिति में अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों के चिकित्सा परिचर्या और उपचार के विशेषाधिकारों और पात्रताओं के मामले में संघ और छत्तीसगढ़ राज्य के कार्यों के संबंध में सेवा में विषमता है :

यत: राज्य सरकार पूर्वोक्त नियमों के नियम 11 के उपबंधों के आधारभूत सिद्धांत से सहमत हैं, अखिल भारतीय सेवाओं के किसी भी सदस्य को स्थानान्तर के फलस्वरूप, ऐसे चिकित्सा परिचर्या और उपचार के विशेषाधिकारों के साथ सेवा नहीं करनी होगी, जो उनसे निम्नतर है जिनके लिए वह अन्यथा पात्र हो और वह यह दृष्टिकोण रखती है कि राज्य के कार्यों के संबंध में सेवा करने में सेवा शर्तों में ऐसी विषमता वांछनीय नहीं है :

अत: अब छत्तीसगढ़ राज्य के कार्यों के संबंध में सेवारत अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों (उनके परिवार के सदस्यों सहित) के लिए पूर्वोक्त नियमों के अंतर्गत उनकी चिकित्सा परिचर्या और उपचार के विशेषाधिकारों और पात्रताओं में गिरावट लाए बिना, सेवा शर्तों में पूर्वोक्त विषमता को कम करने के दृष्टिकोण से, राज्य शासन एतद् द्वारा व्यवस्थाएं स्थापित करता है :—

(1) छत्तीसगढ़ राज्य संवर्ग में सेवारत अखिल भारतीय सेवा के सदस्यों की चिकित्सा परिचर्या तथा उपचार के लिए देश के किसी भी शासकीय चिकित्सालय अथवा चिकित्सा महाविद्यालय (MCI से मान्यता प्राप्त) में नियमित आधार पर नियोजित समस्त चिकित्सकों को **प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक** (Authorized Medical Attendent) नियुक्त किया जाता है।

(2) अखिल भारतीय सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 1954 के अंतर्गत प्रावधानित "**मुख्य प्रशासकीय चिकित्सा अधिकारी**" (Chief Administrative Medical Officer) के कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु एलोपैथिक पद्धति से उपचार के मामले में संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं तथा अन्य पद्धतियों से उपचार के मामलों में संचालक आयुष को एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उपचार के मामले में छत्तीसगढ़ आवासीय आयुक्त की पदस्थापना के अंतर्गत पदस्थ चिकित्सक को अधिकृत किया जाता है। परन्तु देश में किसी भी शासकीय चिकित्सालय अथवा चिकित्सा महाविद्यालय (MCI से मान्यता प्राप्त) में उपचार कराने की स्थिति में संबंधित संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल सुप्रीटेंडेंट अथवा मेडिकल डायरेक्टर को अखिल भारतीय सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 1954 के अंतर्गत मुख्य प्रशासकीय चिकित्सा अधिकारी (CAMO) मान्य किया जाएगा।

(3) "अस्पताल" पद के अभिप्राय और वहाँ प्राप्त उपचार पर उपगत व्यय की प्रतिपूर्ति संबंधी उपबंध को एतद द्वारा निम्नानुसार स्पष्ट और परिवर्धित किया जाता है :—

अस्पताल से अभिप्रेत है कोई भी अस्पताल (जिस पद में उपचार उपलब्ध कराने वाला किसी भी नाम से निर्दिष्ट कोई भी संस्थान या केंद्र सम्मिलित होगा) जो :—

(क) छत्तीसगढ़ सरकार, या किसी अन्य राज्य की या संघ राज्य क्षेत्र की सरकार, या भारत सरकार द्वारा स्थापित हो, या

(ख) छत्तीसगढ़ सरकार या किसी अन्य राज्य की या संघ राज्य क्षेत्र की सरकार या भारत सरकार द्वारा नियंत्रित या प्रत्यक्षत: अथवा अप्रत्यक्षत: प्रदत्त धनराशि से पूर्णत: अथवा प्रधानत: वित्त पोषित हो या

(ग) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का क्रमांक 3) की धारा 2 के खंड (च) में यथा परिभाषित विश्वविद्यालय, या उक्त अधिनियम के धारा 3 के उपबंधों के अधीन विश्वविद्यालय माने गए किसी अन्य उच्च शिक्षा संस्थान, या संसद द्वारा विधि द्वारा राष्ट्रीय महत्व के घोषित संस्थान द्वारा स्थापित या नियंत्रित या प्रदत्त धनराशि से पूर्णत: अथवा प्रधानत: वित्त पोषित या उसकी घटक इकाई हो, या

(घ) कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का क्रमांक 1) की धारा 617 में यथा परिभाषित सरकारी कम्पनी द्वारा स्थापित या नियंत्रित या प्रदत्त धनराशि से पूर्णत: अथवा प्रधानत: वित्त पोषित हो, या

(ङ) सामान्य खंड अधिनियम, 1897 (1897 का क्रमांक 10) की धारा 3 में यथा परिभाषित स्थानीय प्राधिकारी द्वारा स्थापित या नियंत्रित या प्रदत्त धनराशि से पूर्णत: अथवा प्रधानत: वित्त पोषित हो, या

(च) अन्य कोई अस्पताल जिसके साथ अपने अधिकारियों के उपचार के लिए राज्य सरकार ने व्यवस्थाएं की हो, या

(छ) केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सेन्ट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) अंतर्गत अनुमोदित चिकित्सा संस्थान।

(ज) अन्य कोई भी ऐसा अस्पताल जहाँ प्राधिकृत चिकित्सा परिचालक के द्वारा परिचर्या अथवा उपचार हेतु संदर्भित (refer) किया जाए।

